# डीबी डिजिटल मीडिया

प्रिंट मीडिया पार्टनर "प्रदेश सत्ता"

■ वर्ष-01 ■ अंक-09 ■ बालोद, मंगलवार 26 अगस्त 2025 ■ पृष्ठ-04 ■ मूल्य-4 रुपये


## डंगनिया में चल रहा था हाईप्रोफाइल जुआ, दुर्ग, रायपुर,धमतरी के 16 जुआरी से 8 लाख से ज्यादा नकदी और तीन कार जब्त

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद/गुंडरदेही**

थाना गुण्डरदेही में धारा 3 (2), छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत एक बड़ी कार्रवाई की गई। डंगनिया में जुआ खेल रहे 16 लोगों को पकड़ा गया। जिनसे 8 लाख से ज्यादा नगदी और तीन लग्जरी कार बरामद हुए हैं। सभी आरोपी दुर्ग, भिलाई,धमतरी और रायपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं। पकड़े गए जुआरियों में एक भी बालोद जिले से नहीं थे।

हाई प्रोफाइल जुआरी बाकायदा 3 लग्जरी कार में सवार होकर आए थे और जुआ खेल रहे थे। घटना स्थल बालोद जिला की सीमा पर डंगनिया गांव का एक फार्म का लॉन है। पकड़े गए आरोपी संपन्न और सभ्य परिवारों से भी हैं। एसपी योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन, एएसपी मोनिका ठाकुर एवं एसडीओपी गुण्डरदेही राजेश बागड़ें के पर्यवेक्षण एवं उपनिरीक्षक मनीष शेण्डे, थाना प्रभारी गुण्डरदेही के नेतृत्व में लगातार अवैध जुआ, सट्टा, पर लगाम लगाने कार्यवाही की जा रही है।

इसी के तहत 24 अगस्त को टाउन पेट्रोलिंग, अभियान कार्यवाही के दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि कुछ जुवाड़ियान ग्राम डगनिया ग्रीन के कोया फार्म प्लाट न. 10 के लान में 52 पत्ती ताश से रूपये पैसे का हारजीत का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है।



सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो को सूचना से अवगत कराकर थाना गुण्डरदेही से टीम गठित कर गवाहो के समक्ष घेराबंदी की। जिसमें मोहम्मद फहीम पिता मोहम्मद सलील उम्र 38 साल निवासी गंजपारा दुर्ग , प्रमोद निवारे पिता रूखमन निवारे उम्र 37 साल निवासी चंगोराभांठा, टिकरापारा रायपुर,रोशन कुमार पिता रमेश कृपलानी उम्र 34 साल निवासी इंद्रप्रस्थ कालोनी रायपुर, अनिकेत लक्ष्यवाणी पिता स्व. बसंत उम्र 27 साल निवासी रतन कालोनी, दानीटोला, धमतरी, राजीव तिवारी पिता स्व. रामनरेश तिवारी उम्र 34 साल निवासी शक्ति बाजार रायपुर, केवलदास भारती पिता लक्ष्मीनारायण उम्र 30 साल निवासी कमल विहार रायपुर, नागेश्वर साहू पिता जुराखन साहू उम्र 29 साल निवासी कांदूल, मौदहापारा रायपुर, ओमप्रकाश चंद्रा पिता नेगीलाल चंद्रा उम्र 32 साल निवासी देवसागर भटगांव सारंगगढ़-बिलाईगढ़, जितेन्द्र सिंधी पिता रमेश कुमार उम्र 32 साल निवासी इंद्रप्रस्थ मस्जिद के पास रायपुर, मनीष पटेल पिता क्षीरसागर पटेल उम्र 30 साल निवासी लाखेनगर रायपुर,. संजय महेश्वरी पिता मोहनलाल उम्र 50 साल निवासी गंजपारा दुर्ग, पप्पू साहू पिता कमल साहू उम्र 38 साल निवासी राजीव नगर दुर्ग, हेमलाल ढीमर पिता संतानु ढीमर उम्र 26 साल निवासी रूआंबांधा दुर्ग, परमानंद कुर्रे पिता जीवनलाल कुरे उम्र 30 साल निवासी हंचलपुर अर्जुनी धमतरी , कमलेश साहू पिता बाबूलाल साहू उम्र 54 साल निवासी बोरियाखुर्द रायपुर और जितेन्द्र सिंह महेन्द्र प्रताप उम्र 32 साल निवासी बोरियाखुर्द रायपुर को पकड़ा गया।

जिनके पास व फड से कुल 8,01,200.00 रूपये नगदी व 52 पत्ती ताश व तीन कार क्रमांक सीजी 04 एन एक्स 6004 कीमती 5 लाख रूपये, सीजी 07 सी क्यु 8747 कीमती 6 लाख रूपये,और सीजी 04 एन जी 6086 कीमती 1 लाख रूपये जुमला कीमती 20 लाख,1200 रूपये को बरामद किया गया।

### आरोपियों को पकड़ने में इनका रहा योगदान

आरोपियो के विरूद्ध थाना गुण्डरदेही में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक मनीष शेन्डे, प्रआर, योगेश सिन्हा, प्रआर, जसवंत जांगड़े, प्रआर. कमलेश रावटे, आर. यशवंत देशमुख, आर. विकास साहू, आर. मनीष तिवारी, आर. जगदीश बघमार, आर. सत्यप्रकाश यादव का योगदान रहा

## उत्कृष्ट शिक्षा और समाज सेवा कार्य के लिए शिक्षिका पुष्पलता साहू को मिला गोल्ड मेडल

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**




शा.प्रा.शाला-बरहीपारा, जिला बालोद की शिक्षिका पुष्पलता साहू को राज्य स्तरीय मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति छत्तीसगढ़ साहू समाज ने गोल्ड मेडल से सम्मानित किया। शिक्षिका पुष्पलता साहू ने भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र* बनकर आरएचओ गजेन्द्र मेश्राम, नर्स श्रीमती मालती सलाम एवं बीएमओ गुरुर के मार्गदर्शन में टीबी मरीज मिलाउ राम उइके बोहारडीह निवासी को गोद लेकर छह माह तक पोषण आहार प्रदान किया और समाज के अन्य लोगों को भी निःसहाय, दुःखी, ग़रीब एवं मरीजों की सेवा, देखभाल एवं सहयोग करने के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनी। आंगनबाड़ी में हस्त कौशल विकास के लिए सहयोग प्रदान की। बालिका शिक्षा को बढ़ावा दी। इसके लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बालिकाओं को पुरस्कृत किया। वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया। शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न नवाचार कर शिक्षा प्रदान किया। जिससे शिक्षिका को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा*राज्यपाल पुरस्कार* भी प्राप्त हुआ। शिक्षिका पुष्पलता साहू के शिक्षा और समाज में विभिन्न उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए मां कर्मा प्रतिभा प्रोत्साहन समिति छत्तीसगढ़ ने विमतारा भवन रायपुर में 500 प्रतिभाशाली बच्चों के साथ शिक्षिका को भी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। मां कर्मा राज्य स्तरीय प्रतिभा प्रोत्साहन एवं सम्मान कार्यक्रम 2025को मुख्य अतिथि सत्यनारायण राठौर आईएएस कमिश्नर दुर्ग संभाग एवं सुनील साहू बिल्डर एवं कोलोनाइजर स्वास्तिक ग्रुप रायपुर,विशिष्ट अतिथि सतीश गजपाल मुख्य कार्यपालक निदेशक सीएसईबी छत्तीसगढ़ रायपुर, धनंजय राठौर संयुक्त संचालक जनसंपर्क रायपुर संचालनालय छत्तीसगढ़, किरण गजपाल प्राचार्या डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर , नारायण साहू इंजिनियर रायपुर (पूर्व महानिदेशक भेल भोपाल), अनंतराम साहू स्टेट हेड हरिभूमि समाचार पत्र छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश, राम कृष्ण साहू आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला बेमेतरा, सुश्री निधि साहू अपर कलेक्टर रायपुर, डॉ घनश्याम साहू वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, जेठूराम साहू -समाज सेवी एवं फिल्म निर्माता बिलासपुर, श्रीमती रेखा दिनेश साहू - राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अ.भा.तैलिक साहू राठौर महासभा लखनऊ दिल्ली, अध्यक्षता -श्री लवकुश साहू जी -अधिवक्ता उच्चन्यायालय बिलासपुर एवं सुकृतलाल साव - छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग छत्तीसगढ़ द्वारा शिक्षिका पुष्पलता साहू को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया

## आदित्य ,जोन स्तरीय स्कूल गेम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तर के लिए हुए चयनित

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद ।** बालोद नगर की पुण्यधरा में स्थित गुरुकुल हायर सेकेंडरी विद्यापीठ अंग्रेजी/ हिंदी माध्यम स्कूल के छात्र आदित्य शुकतेल पिता आलोक शुकतेल कक्षा आठवीं ने जोन स्तरीय स्कूल गेम (बैडमिंटन) राजनांदगांव में भाग लिया था। जहां पूरे दुर्ग संभाग से प्रतिभागी भाग लिए थे। इन्होंने अंडर 14 वर्ग में लगभग 40 बच्चों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है । अब वह राज्य स्तरीय खेलकूद सरगुजा में दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर पूरे गुरुकुल विद्यापीठ में हर्षोल्लास का माहौल बन गया। साथ ही प्राचार्य श्री साव सर एवं पूरे विद्यालय परिवार ने उन्हें और उनके परिवार को बधाई देते हुए आगे प्रतियोगिता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी है।



# हड़ताल स्थल पर ही मना रहे महिला एनएचएम कर्मचारी तीज

## करु भात से किए व्रत की शुरुआत



रंगोली सजाकर मांगो को लेकर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा नियमितीकरण/सविलियन, ग्रेड पे, लंबित 27% वेतन वृद्धि सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन लगातार तेज हो रहा है।

NHM संविदा भैया के हड़ताल स्थल में संविदा NHM बहिनी मन करु भात खा के अपन तीजा के शुरुआत करिस। तीज का त्यौहार छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए बहुत बड़ा लोक आस्था का त्यौहार है जिसमें महिलाएं अपने मायके में करु भात खाकर 36 घंटे का उपवास करती है। परंतु शासन की बेरूख़ी के कारण NHM की संविदा महिला कर्मचारियों को बस स्टैंड हड़ताल स्थल पर कितनी मजबूरी में करु भात खाकर उपवास करना पड़ रहा है। महिला कर्मचारियों द्वारा कहा जा रहा है कि करु भात तीज उपवास में उपहार स्वरूप संगठन की मांगो पर विचार कर अतिशीघ्र पूर्ण किए जाने की आस व्यक्त की गई। साथ ही कर्मचारियों द्वारा हड़ताल स्थल पर ही अपनी मांगों के संबंध में रंगोली बनाकर प्रदर्शन किया गया। प्रदेशभर के 16,000 से अधिक एनएचएम कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल हैं, जिनमें बालोद जिले के समस्त कर्मचारी भी प्रतिदिन धरना स्थल पर उपस्थित रहकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इन्हीं कर्मचारियों के भरोसे शासकीय अस्पतालों में संस्थागत प्रसव, पैथोलॉजी जाँच (खून, पेशाब, टू-नाट, सीबीनाट), टीबी, कुष्ठ, मलेरिया जांच, ओपीडी, नवजात शिशु देखभाल, स्कूल आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण(चिरायु RBSK), पोषण आहार वितरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, वृद्ध स्वास्थ्य परीक्षण और आपातकालीन सेवाएं संचालित होती हैं। लेकिन हड़ताल के चलते ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हो चुकी हैं। कई अस्पतालों में ताले लटक गए हैं, मरीज इलाज के लिए भटक रहे हैं, वहीं रात्रिकालीन प्रसव सेवाएं पूरी तरह एवं ऑपरेशन ओटी पूरी तरह बंद हो गई हैं। उप स्वास्थ्य केंद्रों और शहरी स्वास्थ्य इकाइयों में भी ताले जड़े हुए हैं, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति बदतर हो गई है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र ठोस पहल नहीं की, तो आने वाले दिनों में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह पंगु हो जाएगी। एनएचएम कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा के घोषणा पत्र और "मोदी की गारंटी" में स्पष्ट उल्लेख होने के बावजूद कि संविदा कर्मचारियों का 100 दिनों में नियमितीकरण किया जाएगा, पिछले 20 महीनों में 160 से अधिक ज्ञापन और निवेदन देने के बाद भी सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक सभी मांगों पर लिखित आदेश जारी नहीं होते, तब तक यह अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा



मांगों को लेकर आवाज बुलंद करते कर्मचारी



हड़ताल स्थल पर करु भात खाकर तीज की शुरुआत करती हुई महिलाएं






# गार्डन को गोद लेकर रिसाली सेक्टर भिलाई नगर में स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति ने किया पौधारोपण

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद/दुर्ग**



हरा भरा, स्वच्छ धरा के उद्देश्य को लेकर स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति छत्तीसगढ़ बालोद के सुप्रसिद्ध नाड़ी वैद्य बिरेंद्र कुमार देशमुख एवं संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल के मार्गदर्शन पर 130 वें स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता सप्ताह पर ब्लाक 31/2 ,34/2 के सामने गार्डन को गोद लेते हुए रिसाली सेक्टर भिलाई नगर में आम के फलदार आठ पौधे, बादाम के छः पौधे, एक नीम का छायादार पौधा सुरक्षा घेरे में 'पौधे लगाकर लगाकर पेड़ बनाओ, जीवन में खुशियाँ बरसाओ' नारे के साथ पौधारोपण किया एवं पूर्व लगाए गए पौधे के आसपास खरपतवार,गाजर को उखाड़कर निर्धारित स्थान पर डंप किया। इस गार्डन को समिति द्वारा स्वच्छ धरा वन के नाम से विकसित किया जाएगा। पौधे के देखभाल की ज़िम्मेदारी आसपास के निवासियों ने ली।इस प्रकार यहां के निवासियों को पौधारोपण , स्वच्छता के लिए जागरूक किया। इस जागरूकता अभियान के बारे में स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति छत्तीसगढ़ के सदस्य श्याम राय ने बताया कि हमारी स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति की टीम लगातार लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करते आ रही है, हमारे इस अभियान से लोग प्रेरित होकर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे रहे हैं।स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति छत्तीसगढ़ संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल आम जनता से समिति की टीम द्वारा किए जा रहे स्वच्छता एवं पौधारोपण जागरूकता अभियान से जागरूक होकर इस कार्य को अपने अपने क्षेत्र में करके हमारे इस मुहिम को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। तभी हमारा गांव,गली,शहर, महानगर,देश "हरा भरा, स्वच्छ धरा" रहेगा।स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति छत्तीसगढ़ की टीम द्वारा हर वर्ष की भांति गाजर घास उन्मूलन अभियान के तहत गाजर घास को जड़ से उखाड़ कर निर्धारित स्थान पर डंप किया ताकि गाजर घास वहां दुबारा उग न सके।इस मीडिया के माध्यम से आप सभी शहरवासियों से भी हमारा निवेदन है यदि आपके आसपास गाजर घास दिखाई दे तो उसे तुरंत उखाड़कर नष्ट करें ताकि गाजर घास में कमी तो आए। इसके पश्चात् अनावश्यक खरपतवार, झिल्ली, कागज, गुटखा पाउच, दोना पत्तल आदि को एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर डंप किया।इस पुनीत कार्य में संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल, प्रदेश संयुक्त सचिव सुरेंद्र साहू,विजय कुमार सिंह,भानु शंकर बेलचंदन,श्याम राय,महेंद्र यादव,कार्तिक राम चंद्राकर, टीनल हरदेल, श्वेता जैन, सरोज टहनगुरिया, निकिता जयेश शिंगणे,दाऊ लाल बघेल, भागीरथी सिन्हा आदि शामिल हुए

## समाचार संक्षेप

### खर्रा में युवा साथियों द्वारा किया गया एक दिवसीय कब्बड्डी का आयोजन



**डीबी डिजिटल मीडिया गुरूर ।** ग्राम खर्रा में युवा साथियों द्वारा एक दिवसीय कब्बड्डी का आयोजन रखा गया। जिसके मुख्य अतिथि जनपद पंचायत गुरुर के सभापति श्रीमती तारा देवी ताम्रध्वज यादव रही। अध्यक्षता भाजपा मंडल गुरुर के महामंत्री ताम्रध्वज यादव ने की। विशेष अतिथि सरपंच बनवाली राम साहू, बूथ अध्यक्ष एस कुमार साहू, दिलेश पटेल, सभी पंच गण, सभी ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

### तीजा में मायके पहुंचने के लिए करनी पड़ी बहनों को मशक्कत,रही रेलमपेल की स्थिति



**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद ।** यह तस्वीर है बालोद के मधु चौक बस स्टॉप की। जहां पर विभिन्न मार्ग पर चलने वाली यात्री बसें आकर रूकती है। तीजा के एक दिन पहले करु भात खाने के लिए मायके जाने के लिए महिलाओं को काफी मशक्कत करने पड़ी। कहने को तो सरकार के नियम के मुताबिक बसों में 50% सीट महिलाओं के लिए



आरक्षित होते हैं पर ऐसा कुछ यहां दिख ही नहीं रहा था। स्थिति यह थी कि 90 से 95% यात्रियों की संख्या महिलाओं की थी। पर उनके लिए सीट ही नहीं बचे थे। धक्का मुखी खाते, खड़े-खड़े लटकते हुए महिलाएं सफर कर रही थी। तीजा में हर साल इस तरह स्थिति देखने को मिलती है। भारी मशक्कत के साथ सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए तीजा का व्रत करने अपने मायके जाने के लिए जूझती रही।

# पत्रकारों ने पेश की प्रेरणा की मिसाल



दिवंगत दिलीप साहू के परिवार को दी आर्थिक मदद

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**

ग्रामीण अंचल में अखबारों के प्रसार कार्य में अहम योगदान देने वाले हीरापुर निवासी स्व. दिलीप साहू का विगत दिनों आकस्मिक निधन हो गया था। उनके याद में जिला प्रेस क्लब के सदस्यों ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर आर्थिक सहायता राशि भेंटकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

इस मौके पर जिला प्रेस क्लब के सदस्यों ने दिवंगत आत्मा के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी जिला प्रेस क्लब के सदस्य ने सोमवार को उनके निवास में पहुंचकर दिलीप साहू के सुपुत्र राहुल साहू से मुलाकात कर 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि सौंपी।

इस दौरान स्व. साहू के पुत्र राहुल साहू एवं भाई हंसराज साहू से मिलकर क्लब के पदाधिकारियों ने परिवार को सहयोग और संवेदना व्यक्त की। इस दौरान जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष साहू,महासचिव राहुल भूतड़ा, मोहनदास मानिकपुरी,अरुण उपाध्याय,सतीश रजक,विकास साहू,नरेश श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य शामिल रहे

# तीज पर निर्जला व्रत होता है सबसे अहम : ललिता पिमन साहू

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद**



हरतालिका तीज 2025 का व्रत आज 26 अगस्त को मनाया जाएगा. सुहागिन महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं. मान्यता है कि यह व्रत पति की लंबी आयु, दांपत्य सुख और अखंड सौभाग्य का वरदान प्रदान करता है. इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललिता पिमन साहू ने कहा कि हिंदू धर्म में हरतालिका तीज का अत्यंत पावन महत्व है. यह व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना से करती हैं. भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को पड़ने वाला यह पर्व उत्तर भारत में बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है. मान्यता है कि इसी दिन माता पार्वती ने कठिन तपस्या कर भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया था. हरतालिका तीज की सबसे बड़ी विशेषता इसका निर्जला व्रत है. इस दिन महिलाएं न तो अन्न ग्रहण करती हैं और न ही जल. यह तपस्या माता पार्वती के कठोर तप का प्रतीक मानी जाती है. जिस तरह उन्होंने शिवजी को पाने के लिए तप किया, उसी प्रकार स्त्रियां भी इस दिन निर्जला व्रत रखकर अपने वैवाहिक जीवन की सुख-शांति और पति की दीर्घायु की प्रार्थना करती हैं। हरतालिका तीज का निर्जला व्रत केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि स्त्रियों की आस्था, समर्पण और त्याग का प्रतीक है. इस व्रत के माध्यम से वे अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्ध दांपत्य जीवन और अखंड सौभाग्य की मंगलकामना करती हैं.

### व्रत की धार्मिक मान्यता

शास्त्रों में हरतालिका तीज को अखंड सौभाग्य का व्रत कहा गया है. ऐसा माना जाता है कि इस व्रत को पूरी श्रद्धा और निष्ठा से करने वाली महिलाओं को माता पार्वती का आशीर्वाद मिलता है. उनके दांपत्य जीवन में सुख और समृद्धि बनी रहती है. यही नहीं, इस व्रत से अगले जन्मों में भी पति-पत्नी के बीच वैवाहिक बंधन मजबूत बना रहता है.

### सुहागिनों का विशेष श्रृंगार

हरतालिका तीज के दिन महिलाएं विशेष श्रृंगार करती हैं. वे हरे वस्त्र धारण करती हैं, हाथों में हरी चूड़ियां पहनती हैं और मेहंदी से अपने हाथ सजाती हैं. इस अवसर पर माता पार्वती और भगवान शिव की प्रतिमा या चित्र स्थापित कर पूरे विधि-विधान से पूजन किया जाता है.

# डोनेट ब्लड वेलफेयर फाउंडेशन डीबी ग्रुप का 10 वा स्थापना दिवस मनाया गया





**डीबी डिजिटल मीडिया दल्लीराजहरा।**

रक्त दलाली की रोकथाम एवं रक्त की आवश्यकता को पूरा करने के लिए बनाया गया डोनेट ब्लड वेलफेयर फाउंडेशन डीबी ग्रुप का 10 वा स्थापना दिवस हल्बा समाज भवन में मनाया गया। ज्ञात हो कि संस्था रक्तदान के साथ ही बेजुबान जानवर को प्रोटीन युक्त भोजन प्रदान करती है और पर्यावरण बचाने के उद्देश्य से पौधा रोपण कर के महिलाओं के द्वारा उनका संरक्षण किया जाता है। संस्था के प्रदेश सचिव पवन सोनी एवं सुमित जैन ने बताया इस अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राजहरा एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए रक्तवीरो ने 134 यूनिट रक्तदान कर दल्ली राजहरा के इतिहास में रिकॉर्ड रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक अध्यक्ष गण मुस्लिम समाज, निषाद समाज, साहू समाज, मानिकपुरी समाज, पटेल समाज, हल्बा समाज, पूज्य सिंधी समाज, सर्व समाज एवं व्यापारी संघ पदाधिकारी एवं अन्य सामाजिक संगठन, पत्रकार उपस्थित रहे। ज्योति अस्पताल के संचालक अशोक कुमार ठाकुर एवं श्रीमती मंजीता ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान करने से हमारे शरीर में नए रक्त बनता है और गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। स्वास्थ लाभ लेने के लिए सभी को रक्तदान नियमित समय पर करना चाहिए। महिला अध्यक्ष ममता मानकर ,नाज मेमन ने बताया इस बार महिलाओं का रक्तदान के प्रति रुझान पहले से भी बहुत ज्यादा अच्छा रहा। अब नियमित रक्तदान करने के लिए नारी शक्ति भी आगे आ रहीं और समाज सेवा के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे है। सुमित जैन, सूरज गुप्ता ने बताया महिला रक्तविरंगना 16 यूनिट रक्तदान किए हैं, जो कि हमारे लिए बहुत खुशी की बात है और हमारी टीम मिल कर प्रयास कर रही है कि और महिलाएं रक्तदान के प्रति जागरूक हो सके। महिलाओं में रक्तदान करने वाले पूर्णिमा टंडन, पद्मावती राव, प्रिया गोस्वामी, श्वेती साहू, निकिता पंजवानी, राजेश्वरी साहू, ममता जैन, श्वेता कथूरिया, रेणुका साहू, शिवानी मानिकपुरी, उषा साहू आदि रक्तदान किए। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष दीपक



साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से यूवाओ की टीम गठित कर के रक्तदान के लिए युवा रक्तमित्र साथियों को जोड़ा जा रहा है ताकि नगर के आस पास से आए ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद को बहुत ही आसानी से रक्त उनके ही ग्रामीण युवा रक्तमित्र के द्वारा रक्त उपलब्ध हो सके एवं कलेक्टर के आदेशानुसार सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी रक्तवीरो को हेलमेट एवं प्रमाणपत्र दे कर सम्मानित किया गया। व्यापारी संघ के पदाधिकारी गोविंद वाधवानी ने बताया डीबी ग्रुप कैसे जरूरतमंद लोगों को तत्काल रक्त उपलब्ध कराते है ।दीपक साहू, पवन सोनी एवं उनकी समस्त टीम सर्वसमाज के साथ मिल कर अच्छी पहल कर रही है। हमारी टीम सदैव डीबी ग्रुप के साथ खड़ी है। जब भी शहर में या शहर के बाहर रक्त की आवश्यकता होती है तो टीम अपना योगदान प्रदान करती है। समाज के प्रमुख संतोष घराना, शेख नय्यूम, काशी निषाद, रामदास मानिकपुरी, विद्या रावटे, योगेंद्रा सिन्हा ने भी उद्बोधन दिए। कार्यक्रम के मंच संचालक नारायण साहू, श्रीमती देवंतीन पारकर ने किया एवं कार्यक्रम की आभार व्यक्त संस्था के जिला संरक्षक तिलक मानकर ने किया। स्थापना दिवस के आयोजन में डीबी ग्रुप के स्टार महिला टीम से अनिता साहू, अनुराधा सिंग, द्रोपति साहू, दामिनी साहू, सावित्री सोनी, गीतिका साहू, माधुरी करपाल, सुनीता कड़पती, सुषमा साहू एवं डीबी ग्रुप के शिवा सूर्यवंशी, ऋषि ठाकुर, दानेश आर्य, नियाज़ खान, लक्ष्मण देवांगन, संतोष रात्रे, भरत देवांगन, हेमंत गौतम, क्षितिज हुमने, कोमल ठाकुर एवं समस्त डीबी ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे। शहीद ब्लड सेंटर से किरण करियारे, जितेश्वरी ध्रुव, निकिता नीलम मेश्राम,सुमन अश्वनी साहू ने अपना योगदान दिया।

# नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन प्रत्येक विकासखण्ड में 25 अगस्त से 8 सितंबर से




**डीबी डिजिटल मीडिया गुरूर**

जिला अंधत्व एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई बालोद के तत्वाधान में नेत्रदान पखवाडा का आयोजन 25 अगस्त से प्रारंभ हो गया है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नेत्रदान पखवाडा का आयोजन प्रत्येक विकासखण्ड में किया जा रहा है। जिला कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा एवं डॉ. जे.एल. उइके के निर्देशानुसार तथा जिला नोडल अधिकारी, जिला कार्यकम प्रबंधक अखिलेश शर्मा एवं सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में नेत्रदान पखवाडा का आयोजन 25 अगस्त से 08 सितम्बर तक सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर मनाया जाएगा। इस दौरान नेत्रदान के संबंध में जनजागरुकता बच्चों द्वारा रैली, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा ग्राम में नेत्र शिविर लगाकर नेत्र परीक्षण का कार्य किया जाएगा। कार्निया से बाधित मरीजों का पंजीयन कर सूचीबद्ध किया जाएगा। जिनका पंजीयन केरेटो प्लास्टी हेतु चिकित्सा महाविद्यालय में कराया जाएगा। जिला बालोद में इस वर्ष दो नेत्र एकत्र कर एम्स रायपुर भेजा गया है।

इस योजना के अंतर्गत गुरुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नेत्रदान पखवाडा का आयोजन खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील भारती के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें चिकित्सा अधिकारी डॉ. जी. आर. रावटे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. शुभम् चंद्राकर, जिला सहायक नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, नेत्र सहायक अधिकारी डिगेश देवदास, के. आर. उर्वशा बी.ई.टी.ओ., जे. डी. गंधर्व पर्यवेक्षक (पु.). कमलेश साहू पर्यवेक्षक (पु.), चन्द्रहास साहू पर्यवेक्षक (पु.) एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।उक्त जानकारी अनिल कुमार सिन्हा सहायक जिला नोडल अधिकारी (अंधत्व) जिला बालोद (छ.ग.) ने दी



# बैठक में अनुपस्थित रहने पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुरेगांव एवं डौण्डी के प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस

**डीबी डिजिटल मीडिया बालोद।**

कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण के संचालन के संबंध में बैठक लेकर जिले में कौशल विकास के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित शासकीय पॉलीटेक्नीक के अलावा जिले के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदाता संस्थान के रूप में कार्य कर जिले में कौशल विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अलावा शासकीय पॉलीटेक्नीक एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों तथा पंजीकृत व्यवसायिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा कौशल प्रशिक्षण संचालन के संबंध में किए जा रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुरेगांव एवं डौण्डी के प्राचार्यों को बिना किसी सूचना एवं पूर्व अनुमति के बैठक में अनुपस्थित रहने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुनील चंद्रवंशी, कौशल विकास के सहायक संचालक श्री विकास देशमुख सहित उपसंचालक कृषि, सहायक संचालक मछली पालन विभाग, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र बालोद के अलावा शासकीय पॉलीटेक्नीक सहित जिले के सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्य व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदाता संस्थानों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने जिले के सभी पंजीकृत व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदाता संस्थानों को अपने-अपने संस्थाओं में कौशल प्रशिक्षण संचालन के बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदाता संस्थानों के रूप में पंजीकृत होने के लिए शेष रह गए शासकीय पॉलीटेक्नीक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों को अपने-अपने संस्थाओं व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदाता संस्थानों के रूप में पंजीकृत करा कर वहाँ पर मैनपावर तथा अन्य जरूरी संसाधनों एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित विभाग एवं संस्था प्रमुखों को जिले में कौशल प्रशिक्षण की संचालन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर कौशल विकास के कार्य को गति प्रदान करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने कहा कि बालोद जिला प्रशासन द्वारा आगामी सितंबर माह में आयोजित वृहद रोजगार मेला में कौशल विकास योजना से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके जिले के नवयुवकों को रोजगार प्राप्त करने का बेहतर अवसर प्राप्त होगा।

संपादकः **माधुरी दीपक यादव**, सलाहकार संपादक-**यशवंत पुरी गोस्वामी**, उप संपादक- **मधू दीपक देवदास**,वेब मीडिया dailybalodnews.com, प्रिंट मीडिया पार्टनर- प्रदेश सत्ता ,संपादक - **मुनेंद्र यादव**